सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 139 | इंदौर, बुधवार 04 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**मध्यप्रदेश में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आक्रोश रैली निकाल रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में इंदौर, भोपाल, उज्जैन समेत प्रदेश के सभी जिलों में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। संघ ने सभी व्यापारी एसोसिएशन से आधे दिन का बंद रखने का आग्रह किया था, जिसका असर आज सुबह से देखने को मिला।**



# आक्रोश रैली, आधे दिन का बंद, नहीं खुली दुकानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में संघ की रैली में 4 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है। शहर के सभी बाजार ने आधे दिन बंद रखने का समर्थन किया था। सुबह 9 बजे के बाद से सभी हिंदू समाज के लोग, संघ के वैचारिक संगठन के लोग, स्वयंसेवक, बीजेपी कार्यकर्ता, व्यापारी संगठन के लोग लालबाग परिसर में जुटना शुरू हो गए। रैली का समापन कलेक्ट्रेट में हुआ। वहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



## मंत्री विजयवर्गीय बोले- आवाज बुलंद करने की जरूरत

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया। कहा- मैं विदेश में हूं लेकिन रैली में शामिल होने के लिए इंदौर आ रहा हूं। निवेदन है कि आप भी 4 दिसंबर को सुबह लालबाग जरूरी आइए। इससे हम बांग्लादेश की सरकार के पर दबाव डालेंगे। इससे वहां पर हिंदुओं की रक्षा होगी।

## इंदौर बंद को इन संगठनों ने दिया समर्थन

अहिल्या चैंबर के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक धीरज खंडेलवाल ने घोषणा की है कि 4 दिसंबर को सर्व हिंदू समाज की रैली को समर्थन देते हुए इंदौर के व्यापारिक संगठन दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रखेंगे। क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन, सीतला माता बाजार, खजूरी बाजार, न्यू सियागंज, टी मर्चेंट्स एसोसिएशन, स्कूटर पार्ट्स विक्रेता संघ, सियागंज किराना होलसेल मर्चेंट्स एसोसिएशन, अपोलो टॉवर विक्रेता संघ, पाइप एंड सैनिटरी व्यापारी संघ, इंदौर टाइल्स मर्चेंट्स एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक मार्केट व्यापारी एसोसिएशन, इंदौर मशीनरी टूल्स, प्लाईवुड और लैमिनेट्स व्यापारी संघ, मध्यप्रदेश दाल-दलहन व्यापारी महासंघ, इंदौर केमिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन, इंदौर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन, दाल-चावल विक्रेता संघ, मल्हारगंज व्यापारी एसोसिएशन और चैंबर के अन्य व्यापारी संगठन। **(पेज 8 भी देखें।)**

## भोपाल में भारत माता चौराहा पर प्रदर्शन

भोपाल के बाजार बुधवार को आधे दिन तक बंद रहेंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में व्यापारी भी सडक़ पर उतरेंगे। कृषि उपज मंडी में व्यापारी अनाज की खरीदी नहीं करेंगे। सभी डिपो चौराहे पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगे। सकल हिंदू समाज के आह्वान पर 4 दिसंबर, बुधवार को दोपहर 2 बजे भारत माता चौराहा पर प्रदर्शन किया जाएगा। संस्कृति बचाओ मंच के संयोजक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया- प्रदर्शन में सकल हिंदू समाजजन शामिल होंगे और विरोध जताएंगे। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## आरजीपीवी ने स्थगित की सेमेस्टर परीक्षाएं

बुधवार को भोपाल सहित विभिन्न शहरों में हिंदू संगठन ने सुबह विरोध-प्रदर्शन किया। इसके चलते राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने बुधवार को प्रस्तावित बीटेक सहित सभी कोर्सेस की सेमेस्टर परीक्षा स्थगित कर दी हैं। अब ये परीक्षाएं 7 दिसंबर को होंगी। इस संबंध में विवि ने सूचना जारी कर दी है।

# 2028 तक पूरा होगा इंदौर रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट

## प्रोजेक्ट के लिए अहमदाबाद की कंपनी का चयन, अगले महीने जारी हो सकता है वर्कऑॅडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट का काम नए साल में शुरू हो सकता है। इसको लेकर रेलवे विभाग तेजी से काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे ने इंदौर स्टेशन के री-डेवलवपमेंट के लिए अहमदाबाद की कंपनी को चुना है।**

पश्चिम रेलवे ने इंदौर रेलवे स्टेशन री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का काम अहमदाबाद की मोंटे कार्लो कंपनी को सौंपने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने बताया कि टेंडर प्रकिया के अंतिम चरण में 6 कंपनियों में से मोंटे कार्लो ने अनुमानित दर से सात प्रतिशत कम दरों पर काम करने का ऑफर देकर यह प्रोजेक्ट हासिल किया है। बता दें की रेलवे ने इंदौर स्टेशन री-डेवलपमेंट की लागत 443.52 करोड़ रुपए आंकी थी।

रेलवे विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर स्टेशन के री-डेवलपमेंट का काम लेने के लिए 18 कंपनियों ने टेंडर भरे थे। इनमें से 12 कंपनियां तकनीकी निविदा प्रक्रिया में बाहर हो गई थीं। सोमवार को बची 6 कंपनियों की निविदाएं मुंबई में खोली गईं, जिनमें मोंटे कार्लो का वित्तीय ऑफर सबसे कम पाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 15-20 दिसंबर तक रेलवे कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर देगा। उसके बाद एग्रीमेंट आदि की औपचारिकताएं पूरी कर कंपनी जनवरी अंत तक काम शुरू कर सकती है।

कंपनी को लगभग साढ़े तीन साल में यानी 2028 तक स्टेशन री-डेवलपमेंट का काम पूरा करना होगा। इंदौर रेलवे स्?टेशन के नवीनीकरण की खास बात ये होगी कि, इसका डिजाइन एयरपोर्ट जैसा होगा और यहां स्?काय वॉक और नई दिल्ली की तर्ज पर मेट्रो स्?टेशन को जोड़ा जाएगा। साथ ही, पार्क रोड स्टेशन का विकास भी किया जाएगा।

### यह काम होगा री-डेवलपमेंट में

री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत स्टेशन के दोनों तरफ नई टर्मिनल बिल्डिंग का विकास, कॉन कोर्स बनाना, नए फुट ओवरब्रिज, शेड, आधुनिक रेस्त्रां, एस्कलेटर, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर का निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया उन्नयन, आड़े-तिरछे प्लेटफॉर्म सीधे करना और लाइनों में सुधार जैसे तमाम करना होंगे। ये सभी काम चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे और इंदौर स्टेशन से चलने वाली कुछ ट्रेनों को महू या लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शिफ्ट करना होगा।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा इंदौर रेलवे स्टेशन

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर के अत्?याधुनिक स्?टेशन का भव्?य प्रवेश द्वार, रूफ प्?लाजा, एक्?जिक्?यूटिव लाउंज, अतिरिक्?त प्रवेश द्वार, प्?लेटफॉर्म कवर शेड, स्?टेशन क्षेत्र का हाईटेक ड्रेनेज सिस्टम, वाई-फाई आदि सुविधाएं यहां यात्रियों को मिलेंगी। रेलवे स्टेशन का विकास आने वाले 50 सालों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। रेलवे स्टेशन के अंदर आने वाले यात्रियों को काफी कुछ एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का आभास होगा।

### होलकर काल में अस्तित्व में आया था इंदौर स्टेशन

होलकर काल में वर्ष 1877 में इंदौर रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आया। मीटर गेज ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। 1956 में स्टेशन का जीर्णोद्धार हुआ। 1988 में सियागंज की ओर स्टेशन की बिल्डिंग बनी। वर्ष 2015 में स्टेशन से मीटर गेज ट्रेनों का संचालन बंद हुआ हुआ। इस दौरान मुख्य स्टेशन से 700 मीटर आगे पार्क रोड पर प्लेटफार्म-5 और 6 बनाया गया।

# 2.5 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी सर्विस रोड

### खजराना चौराहे पर रिंग रोड की सर्विस रोड का महापौर ने किया दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना चौराहे पर रिंग रोड की सर्विस रोड का महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को दौरा किया। पार्षद और निगम अधिकारियों के साथ वे यहां पहुंचे। रोड की स्थिति देखी, यहां रहने वाले लोगों से बातचीत की। साथ ही स्ट्रीट लाईट और मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। खजराना चौराहे पर रिंग रोड की सर्विस रोड का महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को दौरा किया। पार्षद और निगम अधिकारियों के साथ वे यहां पहुंचे। रोड की स्थिति देखी, यहां रहने वाले लोगों से बातचीत की। साथ ही स्ट्रीट लाईट और मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# दिन और रात का तापमान बढ़ा, ठण्ड से कुछ राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिसम्बर के शुरुआती दो हफ्तों में ठण्ड असरदार होने के आसार कम हैं। पिछले 48 घंटों में दिन के तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हुआ है। रात का तापमान भी दो दिनों में 4 डिग्री बढ़ा है। जिससे थोड़ी राहत है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इंदौर में इस बार 15 दिसम्बर के बाद ही कड़ाके की सर्दी की स्थिति बनेगी।**

दरअसल, अभी फेंगल तूफान के असर से मध्य प्रदेश के बैतूल, छिंदवाड़ा समेत 7 जिलों में मंगलवार को बारिश होने के आसार है। वहीं, उत्तरी हवाएं आने से ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में रात में तेज ठंड रहेगी, जबकि इंदौर में ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी एक्टिव है। इस वजह से पहाड़ों में बर्फबारी होगी और उत्तरी हवाएं मध्य प्रदेश में तेजी से आएंगी। इससे पूरे प्रदेश में दिन-रात में ठंड बढ़ने का अनुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। इंदौर और आसपास फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं रहेगी।

# जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 को

### डॉक्टर, इंजीनियर, सीए जैसे उच्च शिक्षित प्रत्याशी होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समाज की बेटी समाज में के उद्देश्य के साथ दूसरे वर्ष भी जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 दिसंबर को दस्तूर गार्डन में किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन के लिए अभी तक प्राप्त बायोडॉटा में 700 से अधिक डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट के हैं। उच्च गुणवत्ता के प्रत्याशी ही सोशल ग्रुप के परिचय सम्मेलन की विशेषता है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका, मुख्य सूत्रधार यशकमल अजमेरा जयपुर और राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा प्रदीप कासलीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके युवक-युवतियां जो विदेश और बड़े-बड़े शहरों में नौकरी / व्यापार करने गए हैं उनका रिश्ता समाज में ही आसानी से हो सके। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने देशभर में 16 रीजनों एवं 360 ग्रुप के माध्यम से विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय हेतु परिचय सम्मेलन आयोजित किया है।

# इंदौर से चलने वाली डेमू-मेमू नियमित नंबर से चलेगी

**इंदौर**। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अलग-अलग स्टेशनों से चलने वाली सभी पैसेंजर, डेमू और मेमू ट्रेनें, जो वर्तमान में 0 नंबर से शुरू हो रही हैं, अब नियमित ट्रेन नंबर के साथ संचालित की जाएंगी। यह परिवर्तन 1 जनवरी से लागू होगा। इस बदलाव के साथ, इंदौर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेनों के नंबर भी बदल जाएंगे।

### कटाक्ष




# एयरपोर्ट पर रात की उड़ानें बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर एयरपोर्ट पर रात में उड़ानों का संचालन बंद होने का फायदा इंडिगो एयरलाइंस उठा रही है। दरअसल, रात में रनवे खाली रहने के कारण इंडिगो अपने पायलटों को 'टच एंड गो' ट्रेनिंग देने, विमानों की मरम्मत करने और ट्रायल फ्लाइंग कराने में इस समय का उपयोग कर रही है।

फरवरी से, एक दशक बाद, इंदौर एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत का कार्य शुरू होगा, जिसके लिए टेंडर जारी हो चुके हैं। चूंकि दिन में उड़ानों की संख्या अधिक होती है, इसलिए यह कार्य रात में किया जाएगा। अक्टूबर के अंत में लागू हुए विंटर शेड्यूल के तहत सभी एयरलाइंस ने इंदौर से रात की उड़ानें बंद कर दी हैं, जिससे रात को रनवे खाली रहता है। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि मरम्मत कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। वहीं, इंडिगो अपने विमानों की नाइट पार्किंग इंदौर एयरपोर्ट पर करती है। इस दौरान विमानों की मरम्मत और ट्रायल फ्लाइंग के साथ-साथ पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जो एक रूटिन प्रक्रिया है।

### रहवासियों के लिए परेशानी

रात में विमानों के चक्कर लगाने से आसपास के रहवासी परेशान हो रहे हैं। पहले, रनवे बंद होने से पहले रात 2 बजे पुणे की उड़ान आती थी, और इसके बाद सुबह से विमानों का संचालन शुरू होता था। अब, प्रशिक्षण और ट्रायल फ्लाइंग के कारण रात में विमान उड़ते और चक्कर लगाते रहते हैं, जिससे स्थानीय लोग हैरान हो जाते हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक उड़ानें इंदौर से संचालित होती हैं। इंदौर से औसतन 88 उड़ानें रोजाना संचालित होती हैं, जो देश के प्रमुख शहरों को जोड़ती हैं।

# बीजेपी बढ़ाएगी मंडलों की संख्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बीजेपी मंडल अध्यक्ष को लेकर कवायद शुरू हो गई है। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रकिया पूरी करना है। इस दौरान नए मंडल का गठन भी किया जाना है। बीजेपी पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी इंदौर में शहर और ग्रामीण को मिलाकर 11 नए मंडल बनाने की कोशिश कर रही है। इसके बाद अब पूरे जिले में मंडलों की संख्या बढ़कर 54 हो जाएगी। वर्तमान में इंदौर शहर में 28 तो ग्रामीण क्षेत्र में 15 मंडल कार्यरत हैं।

बीजेपी में जिलाध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्ष की राय अहम मानी जाती है और पार्टी के हर कार्यक्रम में उसका एक अलग ही महत्व रहता है। इसी को लेकर प्रदेश संगठन ने अब मंडलों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। नए मंडल मतदान केंद्रों की संख्या के हिसाब से बनाए जाएंगे।

प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव के बाद मतदान केंद्रो की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इंदौर जिले में 139 मतदान केंद्र और नए बनाए हैं। इसके बाद आवश्यक हो गया है मंडलों का परिसीमन भी फिर से किया जाए। इसी को लेकर शहर और जिला इकाई ने एक प्रस्ताव बनाकर भोपाल संगठन को भेजा है, जिसमें विधानसभा क्षेत्रों में मंडलों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है।



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आज सुबह 6.30 पर एरोड्रम थाने के सामने टर्न लेती हुई कार 100 की स्पीड में फुटपाथ पर चढ़ती हुई बगीचे में घुस गई । गनीमत है उस समय कुर्सी पर कोई बैठा नहीं था। कोई जान मॉल की हानि नही हुई ।**

# पिट्स एनडीपीएस एक्ट का आरोपी घर पर मिला, गिरफ्तार कर भोपाल जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के साथ पिट्स एनडीपीएस एक्ट के आरोपी भी पकड़े जा रहे हैं। राजेन्द्र नगर पुलिस ने उक्त एक्ट का उल्लंघन करने वाले युवक को पकडक़र भोपाल जेल भेज दिया। टीआई नीरज बिरथरे ने बताया कि भंवरकुआ पुलिस ने आरोपी बबलू उर्फ छोटू पिता ओमकार कमले निवासी अमर पैलेस राजेंद्रनगर को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था। इस मामले में उसे कोर्ट से जमानत मिल गई थी।

### पुलिस आयुक्त को भेजा था प्रकरण

जमानत के बाद आरोपी थाना तेजाजी नगर में तस्करी करते पकड़ा गया था। आरोपी के राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के होने पर उसके विरुद्ध पिट्स एनडीपीएस एक्ट में उचित कार्रवाई के लिए प्रकरण पुलिस आयुक्त को भेजा गया था। इसमें आयुक्त ने धारा 3(1) के तहत आरोपी को 6 माह के लिए भोपाल जेल भेजने का आदेश पारित किया था। आदेश के पालन में राजेन्द्र नगर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर उसे घर से पकड़ लिया।

### क्या है पिट्स एनडीपीएस एक्ट

लगातार अवैध मादक पदार्थ का व्यापार, व्यवसाय एवं तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध उनकी गतिविधियों को नियंत्रित करने को लेकर की जाने वाली कार्रवाई पिट एनडीपीएस एक्ट कहलाती है।

## मां ने तीखी दाल बनाई तो मारा चाकू

**इंदौर**। शराब के नशे में धुत बेटे ने दाल तीखी बनाने पर मां को चाकू मार दिया। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर का है। फरियादी जमुना बाई पति आत्माराम नायक ने बताया कि वह घर पर ही थी, तभी बेटा राजा घर आया और खाना खाने बैठा और कहने लगा कि दाल तीखी क्यों बनाई है। इसी बात पर कुछ देर बाद बेटे ने सब्जी काटने के चाकू से वार कर दिया। महिला की हालत स्थिर है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## दो थाना क्षेत्रों में जुआरियों की धरपकड़

**इंदौर**। पुलिस ने खजराना और एमआइजी क्षेत्र में दो स्थानों पर छापे मारे। यहां से एक दर्जन से ज्यादा जुआरी पकड़े गए। आरोपियों के पास से आठ हजार रुपए से अधिक की जुआ राशि और ताश पत्ते जब्त किए गए। थाना खजराना पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर टीम ने सोमवार रात देवकी नगर में भोलेनाथ मंदिर पीपल के पेड़ के पास छापा मारा। यहां जुआ खेल रहे आरोपी धर्मराज, रवि, संतोष, रमेश, हटे, बलीराम, आत्माराम, मुकेश और राजेश को गिर तार किया। इनके कब्जे से 8030 रुपए और 52 ताश पड्डो जब्त किए। उधर थाना एमआइजी पुलिस टीम ने अयोध्यापुरी कॉलोनी बाउंड्रीवॉल के पास छापा मारा। यहां जुआ खेलते मिले आरोपी सूरज, पंकज, जितेन्द्र, बलराम और राजेन्द्र कुशवाह को गिर तार किया। इनके पास से 2100 रुपए और ताश के पत्ते बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

# नाबालिग बेटी से हरकत करने वाले पिता को सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नाबालिग बेटी से हरकत करने वाले दरिंदे पिता को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सुरेखा मिश्रा ने सात साल की सजा सुनाई है। आरोपी ने पीड़िता को चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी भी दी थी।

मामला पश्चिम क्षेत्र में रहने वाले परिवार का है। 15 दिसम्बर 2021 को 16 वर्षीय बेटी ने पुलिस को शिकायत की थी कि उसके पिता उस पर और उसकी बड़ी बहन पर बुरी नीयत रखते हैं। वे रात में उनके पास आ जाते हैं और गलत हरकत करते हैं। 14 दिसम्बर को रात 12.30 बजे पिता गलत हरकतें करने लगे। विरोध किया तो उसे चांटा मारा और मुंह दबा चुप करने की कोशिश की। आवाज सुन पास में सो रही बड़ी बहन आई तो उसके कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान पिता ने मां के साथ भी मारपीट कर। उन्होंने धमकी दी कि अगर लड़कियां मेरे साथ सोई नहीं तो एसिड डाल दूंगा। नाबालिग ने बताया कि पिता कई बार उसके साथ ऐसी हरकतें कर चुके हैं। चूंकि मामला गंभीर प्रवृत्ति का था। इसलिए पुलिस ने जांच कर 8 फरवरी 2022 को कोर्ट में चालान पेश किया था। उधर, कोर्ट में नाबालिग बेटी की जन्म तिथि को लेकर उसके स्कूल टीचर के बयान हुए। टीचर ने स्कूल का स्कॉलर रजिस्टर पेश किया जिसमें नाबालिग की जन्म तिथि लिखी थी।

### पीड़िता के बयान विश्वसनीय माने

कोर्ट ने पीड़िता के बयान को विश्वास करने योग्य और प्रमाणित पाया। पिता को यह भी पता था कि छोटी बेटी नाबालिग है। कोर्ट ने यह भी पाया कि पिता का उनसे कोई विवाद नहीं है। आरोपी पिता ने बदनीयती के कारण ही गंदी हरकतें की हैं। आरोपी उक्त मामले में करीब सवा साल से सेन्ट्रल जेल में बंद है।

## नाबालिग से छेड़खानी के केस में तस्लीम चूड़ीवाला बरी

### कोर्ट में लड़की ने पहचानने से इनकार किया, 3 साल पुराने मामले में फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कोरोना संक्रमण के दौरान चूड़ी बेचने वाले युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगा था। मामले में कोर्ट ने मामले में युवक तस्लीम को दोषमुक्त कर दिया है। पूरा मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र में 22 अगस्त 2021 को दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी तस्लीम पिता मोहर अली निवासी यूपी फेरी लगाकर चूड़ी बेच रहा था। जब वह बाणगंगा पहुंचा तो महिलाओं ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। इसके बाद हिंदूवादी लोगों ने उसका आधार कार्ड मांगा। आधार कार्ड में पिता का नाम मोहरसिंह दर्ज था। तब तैस में आकर युवक से मारपीट की थी। वहीं, छेड़छाड़ का केस भी थाने में दर्ज करा दिया था। घटना के बाद आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने हिंदूवादी नेताओं ने थाने का घेराव किया था। पीड़ित के वकील शेख अलीम ने कोर्ट के समक्ष विश्वसनीय पक्ष रखा, जिसे मान्य करते हुए कोर्ट ने चूड़ी वाले को दोषमुक्त कर दिया है।

# 41.01 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर पकड़ाए

### बिना नंबर की बाइक पर कर रहे थे तस्करी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिना नंबर बाइक पर तस्करी कर ले जाई जा रही 41.01 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से दो लोकल तस्करों को धरदबोचा। इनसे बरामद मादक पदार्थ के बारे पूछताछ की जा रही है।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाशों के नाम तुषार उर्फ ऐनु पिता निलेश अहिरवार (19) निवासी शिव नगर, मूसाखेड़ी और अमन उर्फ भांजा पिता संतोष वसूनिया (22) निवासी छत्री चौराहा धार हाल मुकाम बिहाडिय़ा देवगुराडिय़ा है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने सोमवार को नेमावर ब्रिज के पास सर्विस रोड पर नाकेबंदी की। यहां से गुजर रहे बाइक सवार दोनों आरोपियों को रोका तो वे भागने लगे मगर टीम ने पीछाकर धरदबोच लिया। बाइक पर नंबर भी नहीं थे। तलाशी में इनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर 41.01 ग्राम बरामद की गई। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत 4.45 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस बरामद मादक पदार्थ के बारे में बदमाशों से पूछताछ कर नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। इनके खिलाफ एनडपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिंगल क्लिक से 225 करोड़ रुपए की राशि करेंगे वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संबल के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को सिंगल क्लिक से 225 करोड़ रुपये की राशि श्रमिक परिवारों के खातों में अंतरित करेंगे। इस योजना से प्रदेश के 10,236 श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता मिलेगी। कार्यक्रम भोपाल में आयोजित होगा, जिसमें श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कई हितग्राही भी मौजूद रहेंगे। संबल योजना मध्यप्रदेश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लाखों श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। इस योजना के तहत श्रमिकों के परिवारों को दुर्घटना में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये, सामान्य मृत्यु पर दो लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर दो लाख रुपये, आंशिक स्थायी अपंगता पर एक लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा, महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16,000 रुपये और उनके बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।




### नए श्रमिकों का पंजीकरण और योजनाओं का विस्तार

संबल योजना में अब प्रदेश के लाखों श्रमिक और प्लेटफार्म वर्कर्स भी शामिल किए गए हैं और उनका पंजीयन प्रारंभ किया गया है। इन श्रमिकों को भी संबल योजना के तहत सभी सुविधाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही, निर्माण श्रमिकों के लिए भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें मृत्यु या अपंगता की स्थिति में सहायता प्रदान की जाती है।

### पांच लाख तक वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा

इसके अलावा, प्रदेश सरकार ने सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत पात्र श्रेणी में शामिल किया है, जिससे वे पांच लाख रुपये तक की वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त कर सकते हैं। अब तक एक करोड़ 73 लाख श्रमिकों का संबल 2.0 योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है और प्रदेश सरकार ने संबल योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसके लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## पैसों की बरसात कराने वाला तांत्रिक ठग गिरफ्तार, 10 साल से चल रहा था फरार

### बैतूल से पकड़ा गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में तांत्रिक बनकर लोगों को ठगने वाले शातिर बदमाश को आखिरकार नवेगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस आरोपी पर चार थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। नवेगांव थाना प्रभारी (टीआई) राजेश साहू के अनुसार, आरोपी रिक्की उर्फ कमलेश उर्फ बाबा उर्फ मोनू पिता कामता प्रसाद नागले निवासी ग्राम चिखलार (नवेगांव) 10 वर्षों से फरार था। न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थाई वारंट जारी किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को बैतूल जिले के चिचोली गांव से गिरफ्तार किया, जहां वह नाम बदलकर रह रहा था।**

पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरारी काट रहा था और विभिन्न स्थानों पर पहचान बदलकर रह रहा था। वह सारणी, बैतूल, चिचोली, बंगाल और कामाख्या मंदिर के एक आश्रम में रुका। कामाख्या मंदिर में 11 महीने रहकर उसने तंत्र विद्या सीखी और बाबा बनकर लोगों को अपने तंत्र जाल में फंसाने लगा। वह पूजा-पाठ और पैसों की बरसात कराने के नाम पर ठगी करता था। इसके बाद लाखों रुपये लेकर फरार हो जाता था, वह किसी भी स्थान पर ज्यादा समय तक नहीं रुकता था।

पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी रिक्की बैतूल जिले के चिचोली गांव में मोनू धुर्वे नाम से बाबा बनकर रह रहा है। नवेगांव पुलिस टीम ने चिचोली क्षेत्र में दबिश देकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान तीन स्थाई वारंट तामील किए गए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है।

# घर में कराया प्रसव, अधिक खून बहने से महिला की मौत

### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम, जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। दमोह जिले के पटेरा ब्लॉक के छोटी देवरी निवासी एक महिला की घर में डिलीवरी कराते समय मंगलवार को हालत बिगड़ गई। अत्यधिक ब्लीडिंग होने के कारण परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ला रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ. रीता चटर्जी जांच के लिए गांव पहुंचीं।**




बता दें कि सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दाई से प्रसव कराते हैं, जिससे कभी-कभी महिलाओं की जान चली जाती है। यही छोटी देवरी निवासी सीमा आदिवासी के साथ भी हुआ।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने परिजनों से बात की तो पता चला कि महिला की डिलीवरी घर में कराई जा रही थी, जबकि उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल ले जाना चाहिए था। महिला का नाम सीमा (22) पति प्रमोद आदिवासी बताया गया है।

दोपहर में महिला का शव जिला अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, उसके बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। बच्चा स्वस्थ होने के कारण शाम को परिजनों को सौंप दिया गया।

डॉ. चटर्जी ने बताया कि सूचना मिलने पर वे मामले की जांच के लिए गांव गईं। वहां पर पता चला कि महिला की डिलीवरी घर में कराई जा रही थी। परिजनों को दाई से डिलीवरी न कराकर उसे जिला अस्पताल लेकर जाना चाहिए था। डिलीवरी के बाद महिला के पेट से अत्यधिक खून बहा। गर्भनाल से निरंतर खून बहने की वजह से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ला रहे थे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। महिला का पोस्टमार्टम भी कराया गया है, ताकि मौत के अन्य कारणों का पता चल सके।

## मप्र से अपहरण, तीन राज्यों में दुष्कर्म

### महाराष्ट्र से पुलिस को मिली स्टूडेंट

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां पर एक स्टूडेंट को आरोपी ने किडनैप कर लिया. इसके बाद तीन राज्यों में उसके साथ दुष्कर्म किया. दुष्कर्म करने के बाद फिर उससे शादी की और फिर उसे लेकर महाराष्ट्र चला गया. पुलिस ने स्टूडेंट को बरामद कर लिया है, हालांकि आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी दूर है. मामला ग्वालियर से सामने आया है. यहां पर कोचिंग जा रही छात्रा को किडनैप किया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया. मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि छात्रा फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट है. वह अपने घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी. ऐसे में स्टूडेंट के परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया. जिसके बाद थाने में शिकायत की गई. शिकायत के बाद पुलिस ने छात्रा की खोजबीन शुरू की. तब जाकर उसका पता चल पाया. पुलिस ने छात्रा को महाराष्ट्र से लेकर ग्वालियर आई. छात्रा ने पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए स्टूडेंट और आरोपी की दोस्ती हुई थी. जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को मिलने के लिए बुलाया था. जब पीड़िता मिलने आई तो उसे आरोपी ने बातचीत करने को कहकर कार में बैठा लिया.

## पन्ना में आज से 4.17 करोड़ के हीरों की नीलामी, कई राज्यों से आएंगे व्यापारी

### इतने हीरे होंगे नीलाम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना। मध्यप्रदेश की रत्नगर्भा नगरी पन्ना अपने बेशकीमती हीरों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां की धरा सदियों से लोगों की किस्मत बदलती आ रही है। आज बुधवार 4 दिसंबर से यहां हीरों की नीलामी का आयोजन किया जाएगा। यह नीलामी कलेक्टर कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी।**

इस नीलामी में 127 नग छोटे-बड़े हीरे रखे जाएंगे, जिनकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 17 लाख 49 हजार 726 रुपए है। नीलामी में 32 कैरेट 80 सेंट का हीरा विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। साथ 19 ही कैरेट 10 सेंट और 16 कैरेट का हीरा भी मुख्य आकर्षण रहेंगे।

खनिज अधिकारी डॉ. रवि पटेल ने बताया कि नीलामी के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। नीलामी हॉल को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें एलईडी लाइट, आठ कैमरे, टेलीविजन और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था शामिल है। तीन दिन तक चलने वाली इस नीलामी में व्यापारियों को हीरे देखने और उनकी जांच के लिए प्री-आक्शन की सुविधा भी दी जाएगी। इस नीलामी में सूरत, गुजरात, राजस्थान सहित देशभर से हीरा व्यापारी हिस्सा लेंगे। इस दौरान छोटे और बड़े समेत अन्य तरह के हीरे नीलाम किए जाएंगे।

बता दें कि पन्ना सदियों से बेशकीमती हीरों का भंडार रहा है। यहां की जमीन से आज भी हीरे निकलते हैं, जो कई बार लोगों की किस्मत रातों-रात बदल देते हैं। इस नीलामी का आयोजन पन्ना को हीरा नगरी के रूप में एक बार फिर प्रतिष्ठित करता है।

# एएसआई ने पत्नी और साली की चाकू से गोदकर की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल के ऐशबाग इलाके में एएसआई ने पत्नी और साली की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वह घर के काम करने आई मेड को धक्का देकर अंदर घुसा और दोनों पर वार किए। फिर मौके से फरार हो गया। घरेलू काम करने वाली बाई ने पुलिस को सूचना दी।**

आरोपी के घर से निकलकर जाते हुए सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। मौके पर एफएसएल टीम के साथ पुलिस के स्निफर डॉग भी पहुंचे। डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने बताया कि विनीता मरावी अपनी बहन मेघा उइके के साथ किराए के फ्लैट में रहती थी। विनीता का अपने पति योगेश मरावी से पिछले पांच-छह साल से विवाद चल रहा था। योगेश मंडला जिले में ASI के पद पर है। दोनों महिलाओं की उम्र 30 और 35 साल है। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए दूसरे जिलों की पुलिस को अलर्ट किया था।




मंडला में कार की चेकिंग के दौरान आरोपी एएसआई और उसके ड्राइवर को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे योगेश की पत्नी विनीता ने मेड के लिए दरवाजा खोला। इसी दौरान बाहर मौजूद योगेश, बाई को धक्का देकर अंदर घुस गया। उसने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ पत्नी-साली पर वार किए। यह देखकर मेड वहां से भागी और पड़ोसियों को जानकारी दी। फिर डायल 100 पर फोन लगाया। पुलिस ने बताया कि थैले में हथियार लेकर जाते हुए एएसआई की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद वह घर का दरवाजा बाहर से बंदकर फरार हो गया। मेड को 6-7 मिनट तक बचाओ-बचाओ की आवाजें आती रहीं। विनीता के शरीर पर चाकू के आधा दर्जन से ज्यादा घाव मिले हैं। मृतक मेघा उइके ने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर खुद को असिस्टेंट डायरेक्टर बताया है। मेघा की पढ़ाई एमएच कॉलेज जबलपुर से हुई थी। वह बैहर की रहने वाली थी। पुलिस की तीन टीम आरोपी को सर्च कर रही थीं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी से क्लू मिला कि आरोपी योगेश मरावी कार ( CG04HS1052) से ड्राइवर को लेकर भोपाल आया था। पत्नी के फ्लैट के पास ही कार खड़ी की थी।

## संपादकीय

# सामने आ रहे चौंकाने वाले संकेत

किसी भी देश में सत्ता बदलने के साथ उसकी नीतियों में बदलाव आना हैरानी की बात नहीं है, लेकिन इस बार अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जो संकेत सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। हालांकि ट्रंप आधिकारिक रुप से जनवरी में राष्ट्रपति पद संभालेंगे, मगर पिछले कुछ दिनों से वे जिस तरह के बयान दे रहे और अपनी सरकार गठन को लेकर जो तस्वीरें पेश कर रहे हैं, उससे साफ है कि वे इस बार बहुत कुछ नया करने जा रहे हैं। अपने एक ताजा बयान में उन्होंने कहा कि अगर कोई देश अमेरिकी डालर को कमजोर करने की कोशिश करेगा, तो उसे अमेरिका में कारोबार के लिए सौ फीसद शुल्क की नीति का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप के निशाने पर मुख्य रुप से ब्रिक्स समूह के नौ देश हैं। उनके बयान को एक चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। सवाल है कि औपचारिक रुप से सत्ता संभालने के पहले ही ट्रंप का ऐसा आक्रामक रुख क्यों सामने आने लगा है। आर्थिक मामलों पर उभरे गतिरोध अलग-अलग देशों के साथ सहयोग आधारित नीतियों के जरिए और सहमति के आधार पर दूर किए जाते हैं या आक्रामक नीतियां लागू करने की धमकी से? इसमें कोई दोराय नहीं कि अमेरिका का अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए चिंता करना स्वाभाविक है। मगर क्या इसके लिए टकराव और चेतावनी कोई उपयुक्त रास्ता है? नए वैश्विक परिदृश्य में सभी देश अपनी आर्थिक मजबूती के नए विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इस क्रम में ब्रिक्स देश और खासकर रुस और चीन पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी डालर के विकल्प के रुप में अपनी नई मुद्रा लाने की कोशिश कर रहे हैं। मगर इसे अमेरिका अपने डालर और इस तरह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह मान रहा है और इस स्थिति में वह ब्रिक्स देशों को अपने यहां व्यापार बाधित करने की चेतावनी दे रहा है। ट्रंप की चिंता अमेरिका के हित में हो सकती है, लेकिन अगर आर्थिक मसले पर दुनिया बहुध्रुवीय और वैकल्पिक रास्ते तलाशती है, तो अमेरिका को इसके कारणों पर विचार करना चाहिए। नए विश्व में एकाधिकार का रास्ता शायद किसी भी देश के हित में नहीं होगा।

## OSHO कहिन

"सच्चा जीवन वह है, जो डर के बिना जिया जाए।"




## ज्ञान-विज्ञान

# 14 हजार सैटेलाइट, 12 करोड़ मलबे के टुकड़े...

## पृथ्वी की निचली ऑर्बिट पर एक्सपर्ट ने चेताया, अंतरिक्ष में लगेगा ट्रैफिक जाम?

अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बढ़ते उपग्रहों और अंतरिक्ष कबाड़ के कारण पृथ्वी की निचली कक्षा (लॉ अर्थ ऑर्बिट) में जाम लग सकता है। ऐसे में यह ऑर्बिट के इस्तेमाल को मुश्किल बना सकती है। संयुक्त राष्ट्र के एक पैनल ने अंतरिक्ष यातायात समन्वय पर कहा है कि अगर कंपनियां और देश मिलकर काम नहीं करेंगे और अंतरिक्ष के इस सबसे सुलभ क्षेत्र के प्रबंधन के लिए जरूरी जानकारी साझा नहीं करेंगे तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसके लिए एक अंतरराष्ट्रीय ढांचा बनाने का आह्वान किया है।



एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका स्थित स्लिंगशॉट एयरोस्पेस ने बताया है कि पृथ्वी की निचली कक्षा में 14,000 से ज्यादा सैटेलाइट हैं, जिनमें 3,500 निष्क्रिय हैं। इनके साथ-साथ लॉन्च, टकराव और टूट-फूट से करीब 12 करोड़ मलबे के टुकड़े भी जमा हो गए हैं। इनमें से कुछ हजार ही इतने बड़े हैं कि उन पर नजर रखी जा सके। बाकी सभी बहुत छोटे टुकड़े हैं।

### 'अब देरी नहीं करनी चाहिए'

संयुक्त राष्ट्र की अंतरिक्ष मामलों के कार्यालय की निदेशक आरती होला मैनी का कहना है कि अंतरिक्ष यातायात समन्वय में देरी करने का समय नहीं है। अंतरिक्ष में इतनी सारी वस्तुएं भेजी जा रही हैं कि हमें अंतरिक्ष सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। इसका मतलब है कि टकराव से बचने के लिए ऑपरेटरों के बीच सूचना साझा करना जरूरी है।

मैनी ने कहा कि पृथ्वी की निचली कक्षा को सुरक्षित रखना जरूरी है ताकि वैश्विक संचार, नेविगेशन और वैज्ञानिक अन्वेषण के पीछे की तकनीक में महंगे व्यवधान को रोका जा सके। अभी तक कोई केंद्रीकृत प्रणाली नहीं है जिसका सभी अंतरिक्ष यात्री राष्ट्र लाभ उठा सकें। उन्हें ऐसी प्रणाली का उपयोग करने के लिए राजी करने में भी कई बाधाएं हैं। कुछ देश डेटा साझा करने को तैयार हैं, जबकि अन्य सुरक्षा से समझौता करने से डरते हैं।

### अमेरिका में सरकारी नौकरियां खत्म करने की तैयारी, खर्चा कम करने की कवायद

पृथ्वी की निचली कक्षा वह क्षेत्र है जो मानव निर्मित वस्तुओं से सबसे अधिक भरा हुआ है। यह लागत और निकटता के बीच संतुलन प्रदान करता है। यह तेजी से बढ़ते वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए इसे एक प्रमुख लक्ष्य बनाता है। स्लिंगशॉट के आंकड़ों से पता चला है कि पिछले एक साल में प्रति उपग्रह नजदीकी दृष्टिकोण में 17 फीसदी की वृद्धि हुई है। अनुमान बताते हैं कि आने वाले वर्षों में हजारों और उपग्रह कक्षा में प्रवेश करेंगे। इसे जोखिम के और बढ़ने का अंदेशा है।

## Punjab

# सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला, अमृतसर में गोल्डन टेंपल के गेट पर हुई फायरिंग, बाल-बाल बचे

**अमृतसर.** पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (SAD) के नेता सुखबीर सिंह बादल पर फायरिंग की खबर है. वह इस हमले में बाल-बाल बच गए हैं. कहा जा रहा है कि एक शख्स ने गोल्डन टेंपल के गेट पर उन पर फायरिंग की.

हमलावर के गोली चलाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे दबोच लिया. पुलिस ने आरोपी को कस्टडी में ले लिया है. उसके पास से पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है. आरोपी का नाम नारायण सिंह चौरा बताया जा रहा है. वह दल खालसा से जुड़ा हुआ है.

सूत्रों के मुताबिक, हमलावर की पहचान बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) के पूर्व सदस्य के तौर पर



की गई है. कहा जा रहा है कि वह 1984 में पाकिस्तान गया था और पाकिस्तान से पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की स्मलिंग करता था. हमलावर ने कथित तौर पर गुरिल्ला युद्ध पर पर किताब भी लिखी है. वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी आरोपी है और पंजाब की जेल में सजा भी काट चुका है.

बता दें कि पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल मंगलवार से अमृतसर के स्वर्ण मंदिर यानी श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे के बाहर पहरेदारी करके सजा काट रहे हैं. वह मंगलवार दोपहर को व्हीलचेयर पर गुरुद्वारे पहुंचे थे. उनके गले में दोषी होने की तख्ती भी लटकी है.

उन्होंने सजा के पहले दिन स्वर्ण मंदिर की सामुदायिक रसोई में बर्तन भी साफ किए. इस दौरान उन्होंने सेवादारों वाली परिधान पहनी. हाथ में पहरेदारी के लिए भाला की.

## New Delhi

# दिल्ली के नेब सराय में ट्रिपल मर्डर, मां-बाप और बेटी की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई है। देवली गांव के एक घर में मां-बाप और बेटी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। परिवार में अकेले बच गए बेटे ने कहा है कि वारदात उस वक्त हुई जब वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। घर आया तो देखा कि तीनों की हत्या कर दी गई है।

मृतकों की पहचान राजेश (55) उनकी पत्नी कोमल (47) और बेटी कविता (23) के रूप में हुई है। मॉर्निंग वॉक से वापस आकर जैसा ही बेटा घर में घुसा उसने परिवार के सभी लोगों को मरे हुए देखकर शोर मचाया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरू कर दी है। राजेश के बेटे से भी पूछताछ की जा रही है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया और सबूत एकत्रित किए गए हैं। हत्या किसने और क्यों की, पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 5:30 बजे उन्हें हत्या की बात पता चली। राजेश और कोमल की बुधवार को ही मैरिज एनिवर्सरी थी। राजेश मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले थे और कई सालों से देवली गांव में रह रहे थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रिपल मर्डर के बाद एक बार फिर दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'नेब सराय के एक ही घर में तीन हत्याएं। ये बेहद दर्दनाक और डराने वाला है। हर रोज दिल्लीवासियों की सुबह ऐसी ही डरावनी खबरों के साथ हो रही है। अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है, कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। घर के घर बर्बाद हो रहे हैं, मासूम जिंदगियां जा रही हैं।

## Keral

# पत्नी किसी और के साथ कार में जा रही थी, पति ने पीछा किया और गाड़ी में आग लगा दी

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** दक्षिणी राज्य केरल में पत्नी किसी और के साथ कार में जा रही थी तो पति ने पीछा किया. जब पति को पता चला कि कार में उसका कोई दोस्त है तो उसने गुस्से में आकर कार में ही आग लगा दी. इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी का दोस्त बुरी तरह झुलस गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि दक्षिणी केरल के कोल्लम शहर में मंगलवार देर शाम 44 साल की एक महिला अपने दोस्त के साथ कार से जा रही थी. कार में आग लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ यात्रा कर रहा व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि पद्मराजन नाम के व्यक्ति ने कथित तौर पर दूसरी गाड़ी से अपनी पत्नी की कार का पीछा किया और रात करीब नौ बजे कोल्लम सिटी ईस्ट पुलिस स्टेशन इलाके में चेम्मामुक्कु में उसे रोक लिया. उसने कथित तौर पर गाड़ी पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी. आग की लपटों में घिरी अनिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई.

## Uttarpradesh

# मथुरा के नंदगांव में यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण को जाट बताने पर बवाल, केस दर्ज

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा जिले के नंदगांव के बाजार और आम घरों की दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' नाम से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा देने के बाद बवाल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप-जिलाधिकारी (एडीएम) के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है। किसी ने पिछले दिनों दीवारों पर नंदगांव का इतिहास शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट' जाति से संबंधित बताया है।

पुलिस के मुताबिक जगह-जगह 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से लिखी बातों के अंत में कुंवर सिंह का नाम और एक फोन नंबर दर्ज था। लोगों ने जब उस नंबर पर फोन कर संपर्क करना चाहा



तो या तो वह नंबर बंद मिला या फिर घंटी गई तो किसी ने फोन ही नहीं उठाया। एडीएम श्वेता सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत के लिपिक रामजीत ने तथाकथित कुंवर सिंह के खिलाफ भगवान श्रीकृष्ण के बारे गलत जानकारी देने तथा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस कथित आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## खेल

# आईसीसी ने न्यूजीलैंड-इंग्लैंड पर लगाया भारी जुर्माना

### कीवी टीम के फाइनल में जाने की संभावनाओं को लगा झटका

**दुबई, (एजेंसी)** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की दौड़ रोचक हो गई है क्योंकि क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की टीमों पर कार्रवाई करते हुए उनके डब्ल्यूटीसी अंक काट लिए हैं। आईसीसी ने यह फैसला दोनों टीमों के बीच क्राइस्टचर्च में हुए पहले टेस्ट के दौरान धीमी ओवर गति के चलते लिया है। दोनों टीमों पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और डब्ल्यूटीसी के तीन अंक काटे गए हैं।

**न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका -** न्यूजीलैंड के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि वह इस कारण डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गई है। पहले मैच में जीत के बावजूद इंग्लैंड की टीम फाइनल की दौड़ से बाहर है। हालांकि, अंक कटने का नुकसान न्यूजीलैंड को हुआ है जो चौथे से पांचवें स्थान पर आ गई है। न्यूजीलैंड के अब 47.92 प्रतिशत अंक हैं और वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो मुकाबलों में जीत के बावजूद अपने अंकों को अधिकतम 55.36 प्रतिशत कर सकता है।



**भारत के लिए राहत की खबर-** न्यूजीलैंड के अंक काटे जाना भारत के लिए अच्छी खबर है जो अभी 61.11 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका (59.26 प्रतिशत अंक), ऑस्ट्रेलिया (57.26 प्रतिशत अंक) और श्रीलंका (50 प्रतिशत अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। जुर्माना लगाए जाने से डब्ल्यूटीसी के पहले संस्करण की विजेता टीम के लिए फाइनल में दौड़ कठिन हो गई है। आईसीसी ने कहा, अगले साल लाड्र्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में नया मोड़ आया है क्योंकि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड पर क्राइस्टचर्च में दोनों के बीच सीरीज के पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और तीन महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता अंक काटे गए हैं जिससे मौजूदा चक्र का अंतिम चरण और रोमांचक हो गया है।

**न्यूजीलैंड के लिए क्या है समीकरण?-** न्यूजीलैंड को अगर जून 2025 में होने वाले फाइनल में जगह बनानी है तो इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों टेस्ट जीतने के अलावा कई अन्य नतीजों के भी अपने अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दोनों ने खराब हुए समय को ध्यान में रखने के बावजूद निर्धारित समय में तीन ओवर कम फेंके थे और टीम पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक अंक का जुर्माना लगाया गया। दोनों कप्तानों न्यूजीलैंड के टॉम लाथम और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने अपराध और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

## सिनेमा

# रिलीज से पहले 'पुष्पा 2' ने तोड़ा रिकॉर्ड, कर डाली 100 करोड़ की एडवांस बुकिंग, खुश अल्लू अर्जुन



5 दिसंबर का दिन काफी खास होने वाला है.'पुष्पा' जो थिएटर में लौट रहा है. अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2', रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म की एडवांस बुकिंग भी रिलीज से 5 दिन पहले खोल दी गई है. फैन्स के बीच इस फिल्म को लेकर इतना क्रेज देखा जा रहा है कि शायद ही इससे पहले किसी और फिल्म के लिए देखा गया हो. अल्लू अर्जुन की फिल्म 5 भाषाओं में रिलीज हो रही है. हालांकि, फिल्म का 3डी वर्जन 5 दिसंबर को रिलीज नहीं हो रहा. इसके बावजूद 'पुष्पा 2' की केवल एडवांस बुकिंग से ही 100 करोड़ की कमाई कर चुकी है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है. अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म को फैन्स जिस तरह से प्यार दे रहे हैं. वो देखने लायक है. एक्टर ने भी अपने चाहने वालों को दिल से शुक्रिया कहा है. अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है. जिसमें उन्होंने बताया है कि वर्ल्डवाइड 'पुष्पा 2' अबतक 100 करोड़ की एडवांस बुकिंग कर चुकी है. और ये आंकड़ा लगातार बढ़ ही रहा है. सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म ये है जो रिलीज से पहले ही रिकॉर्ड ब्रेक कर रही है.

साभार आज तक

## Highlights

1. Delhi records 'poor' air quality for 3rd consecutive day
2. Mahayuti won due to BJP people in Delhi: Patole after EC meet
3. Telangana, Andhra paid ₹66,267 crore income tax in eight months
4. Accused in delivery boy’s 2022 stabbing arrested after two years
5. Not even invited for meetings: Gaya Dy Mayor on selling vegetables
6. Ethnic cleansing of Hindus being attempted in B'desh: UK MP Blackman

# Mark Zuckerberg meets Donald Trump at Mar-a-Lago, seeks role in tech policy: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta's CEO Mark Zuckerberg visited the Mar-a-Lago resort owned by Donald Trump, the newly elected Republican candidate for the US presidency, according to a report by Fox Business.

The meeting comes as both are now warming up to each other despite having previously engaged in bitter feuds. It also comes as Mark Zuckerberg looks to influence tech policy in Donald Trump's incoming administration.

They talked about technology, and the CEO even demonstrated the company’s camera-equipped sunglasses.

Zuckerberg had banned Trump from both Instagram and Facebook, claiming he used it to incite political violence on January 6, 2021. Now, the company has admitted that its content moderation has at times been too heavy-handed and that they “overdid it a bit" in removing content during the Covid-19 pandemic, blaming the Biden administration.



"Mark Zuckerberg has been very clear about his desire to be a supporter of and a participant in this change that we're seeing all around America, all around the world with this reform movement that Donald Trump is leading," the report quoted Trump adviser Stephen Miller as having said during an episode of "The Ingraham Angle" on Fox News Channel.

He added that Zuckerberg "has his own interests, and he has his own company, and he has his own agenda," but sees Trump's second term as a chance at "national renewal" and “wants to support” him.

Zuckerberg started warming up to Trump after his fist-pumping reaction to the July 13 assassination attempt against him when he was campaigning in Butler, Pennsylvania.

"On some level as an American, it’s, like, hard to not get kind of emotional about that spirit and that fight, and I think that that’s why a lot of people like the guy," he told Bloomberg in an interview.

Trump in an earlier interview also told Fox Business host Maria Bartiromo that Zuckerberg apologized after Facebook mislabeled a photo of him that went viral.

## मंगलम वर्ल्डवाइड का समेकित दूसरी तिमाही FY25 का शुद्ध लाभ 226% की प्रभावशाली वृद्धि के साथ

**मुंबई।** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड (MWL) (NSE EMERGE – MWL), जो एक पूरी तरह से एकीकृत स्टेनलेस-स्टील कंपनी है, ने Q2 FY25 और H1 FY25 के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। - कुल आय 469.70 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 16.78%, EBITDA 27.25 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 53.79%, EBITDA मार्जिन 5.80%, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 140 बेसिस प्वाइंट, कर पश्चात शुद्ध लाभ 12.97 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 154.16%, PAT मार्जिन 2.76%, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 149 बेसिस प्वाइंट , पतला EPS 4.69, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 140.51% मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन, विपिन प्रकाश मंगल ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, “दूसरी तिमाही FY25 के लिए शुद्ध लाभ में 226% की अद्वितीय वृद्धि के साथ, हमने अपने लचीलापन और विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है, जो बेहतर परिचालन दक्षताओं द्वारा संचालित है। मजबूत मांग के परिदृश्य के साथ, हम अपनी क्षमता का रणनीतिक रूप से उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाले, मूल्य-वर्धित उत्पादों की आपूर्ति कर रहे हैं जो हमारे बाजार नेतृत्व को बनाए रखते हैं और सतत विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

# एमराल्ड टायर मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा 5 दिसंबर, को

### कुल इश्यू साइज - 10 प्रति शेयर के 51,85,200 इक्विटी शेयर फ्रेश इश्यू साइज 10 प्रति शेयर के 49,86,000 इक्विटी शेयर

**मुंबई।** एमरल्ड टायर मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड, जो औद्योगिक टायरों के सबसे बड़े निर्माताओं और निर्यातकों में से एक है, ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) 5 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी 47.37 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने का लक्ष्य रखती है और इसके लिए 49,86,000 इक्विटी शेयरों का नया इश्यू करेगी। ये शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।

इश्यू साइज 51,85,200 इक्विटी शेयर है, जिसका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 90 - 95 प्रति शेयर है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग पूंजीगत व्यय, सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों और ऑफर खर्चों के लिए किया जाएगा। एंकर पोर्शन 04 दिसंबर 2024 को खुलेगा और 04 दिसंबर 2024 को ही बंद होगा। आम जनता के लिए बोली लगाने के लिए यह इश्यू 05 दिसंबर 2024 को खुलेगा और 09 दिसंबर 2024 को बंद होगा।

इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर GYR कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है, और इश्यू के लिए रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। एमराल्ड टायर मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री चंद्रशेखरन तिरुपाठी वेंकटाचलम ने कहा, ‘यह आईपीओ एमराल्ड टायर की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है कि हम 'ग्रीकस्टर' ब्रांड के तहत उत्कृष्ट टायर समाधान प्रदान करेंगे। एक दशक से अधिक के अनुभव के साथ, हमने घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। हमारा व्यापक पोर्टफोलियो विभिन्न सेक्टर्स के मटेरियल हैंडलिंग उद्योग के लिए डिज़ाइन किए गए टायर समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। ग्रीकस्टर ब्रांड उन्नत तकनीक, उत्कृष्ट प्रदर्शन, टिकाऊपन और उच्चतम वैश्विक गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता का पर्याय है।

# आक्रोश रैली की चित्रमय झलकियां

























स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक